हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, सोमवार 6 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

12 राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 ...




12 राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन में जिले के 8 खिलाड़ी ...





## खबर संक्षेप



### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बोईरडीह स्थित सावित्री राईस मील के पास खड़ी ट्रक से टकराने से बाइक चालक घायल हो गया। गुलाब प्रधान ने पुलिस को बताया कि 7 अगस्त को उसके पिताजी हेमराज प्रधान अपने काम से अपने मोटर सायकल स्प्लेण्डर क्र. सीजी 06 जीडी 2204 में जगदीशपुर गये थे वहां से वापस ग्राम बोईरडीह आ रहे थे। सावित्री राईस मील के पास बोईरडीह पहुंचे थे, जहाँ ट्रक क्र. सीजी 06 जीजेड 9688 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से बिना संकेतक दिये रोड में खड़ी किया था। उसी समय रात करीबन 8:20 बजे पिरदा की ओर से आ रही चार पहिया वाहन कि लाईट के चमकने से खड़ी ट्रक में हेमराज टकरा जाने से मोटर सायकल सहित नीचे गिर गए। हादसे में घायल हेमराज को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## आक्रोश : हत्या को अंजाम देने वाले वाहन पर ग्रामीणों ने किया पथराव एवं दिन में किया चक्काजाम

# 5 साल पुराने जमीन विवाद को लेकर जनपद उपाध्यक्ष के पति को कार से रौंदा, मौत

मृतक



जितेंद्र चंद्राकर



अशोक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जमीन विवाद को लेकर मन में भरी दुर्भावना के चलते आरोपियों ने जनपद उपाध्यक्ष के पति को कार में रौंदकर मार डाला। आरोपियों ने 15 दिन तक की गई रेकी के बाद शहर के बाहर सुनसान इलाके में मृतक के वाहन को पीछे से ठोकर मारी फिर सड़क में गिरने पश्चात उसे रौंद दिया। जनपद उपाध्यक्ष पति जितेंद्र चंद्राकर की मौके पर ही मौत हो गई वहीं साथी अशोक साहू ने रविवार सुबह रायपुर में दम तोड़ दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले में हत्या का अपराध दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी भी कर ली गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलसोंडा में जितेंद्र चंद्राकर की फ्लाई ऐश फैक्ट्री के पीछे की जमीन अमन अग्रवाल की ही थी। हुलसी चंद्राकर के उपसरपंचीय कार्यकाल के दौरान रास्ते को लेकर कोई विवाद उपजा था जिसमें झूमा-झटकी और विवाद हुआ था। सूत्र बताते हैं कि घटना के दौरान अमन अग्रवाल, बिरेंद्र विश्वकर्मा और अजय बघेल वाहन में सवार थे। हत्या को अंजाम देने से पहले अमन ने साहू चाय में चाय पी और बस स्टेंड के अंदर वाली दुकान बंद होने तक की बात लोगों से कही। बाद में जितेंद्र चंद्राकर के रोजाना बैठक वाली जगह में जाकर जितेंद्र की मौजूदगी की तस्दीक भी की। सूत्र बताते हैं

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया पथराव और चक्काजाम



हादसे की खबर मिलते ही बेलसोंड़ा और आसपास के ग्रामीण आक्रोशित हो गए और गुस्साए ग्रामीणों ने हादसे के बाद वहां खड़ी सफारी वाहन पर पथराव कर दिया। एवं रविवार को एक ही गांव के दो लोगों की मौत और अंतिम यात्रा निकलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग करते हुए नेशनल हाईवे 353 पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि यह हादसा नहीं बल्कि सोची-समझी साजिश है। उनका आरोप है कि आरोपी अमन अग्रवाल ने जानबूझकर घटना को अंजाम दिया है।

### विधायक ने कहा: पुरानी रंजीश के तहत हुई जितेंद्र की हत्या



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने इसे सामान्य दुर्घटना नहीं बल्कि, सुनियोजित हत्या बताते हुए दावा किया है कि अमन अग्रवाल की मृतक जितेंद्र से जमीन संबंधी 4 साल पुराने मामले को लेकर पुरानी रंजिश थी। विधायक ने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है। पुलिस फिलहाल तेज रफ्तार समेत अन्य संभावित कारणों से दुर्घटना की जांच कर रही है।


कि अमन अग्रवाल पहले भी सार्वजनिक स्थानों में जितेंद्र को जिंदा नही छोड़ूंगा जैसी बात कर चुका था। बता दें कि अमन अग्रवाल पूर्व में 12 साल तक बेलसोंडा का निवासी रह चुका है।

### घटना के बाद से ही संदेह व्यक्त किया गया

ग्राम साराडीह मोड़ से पहले शनिवार रात हुए हादसे में जनपद उपाध्यक्ष के पति जितेंद्र चंद्राकर एवं उनके साथी अशोक साहू की जान चले जाने की घटना की जानकारी मिलने के साथ ही मामला शुरु से संदेहास्पद हो गया। दुर्घटना की बजाय इरादतन हत्या का होने की बात सामने आने लगी। घटना के बाद बेलसोंड़ा निवासी जितेन्द्र चंद्राकर एवं उनके साथी अशोक साहू को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जितेन्द्र चंद्राकर को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अशोक साहू को पहले सोहम हास्पिटल ले जाया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने राजधानी रिफर कर दिया। रात्रि तकरीबन 3-4 बजे के बीच अशोक साहू ने वीवाय अस्पताल में आखिरी सांस ली।

# आफत बनी बारिश: जल संकट, फसलों को भारी नुकसान और कीट प्रकोप की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नगर और आसपास के क्षेत्रों में बेमौसम भारी बारिश ने एक बार फिर आम जनजीवन और कृषि व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही तेज बारिश के कारण जहां शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति और आवागमन बाधित हुआ है, वहीं जिले की मुख्य फसल, धान को भारी नुकसान पहुंचा है।

किसानों ने आशंका जताई है कि खेतों में जलभराव के कारण कीटों और रोगों का प्रकोप बढ़ेगा, जिससे किसानों की चिंता और भी बढ़ गई है। किसानों के अनुसार, पटेवा, झलप, बसना, सरायपाली और बागबाहरा जैसे क्षेत्रों में किसानों को फसल नुकसान होने का अनुमान है। किसानों ने बताया कि खड़ी फसल में पानी भरने से अब आर्थिक रूप से नुकसानदेह हो सकता है। कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल लगाई थी और अब वे भारी आर्थिक संकट से झुझने की संभावना जाता रहे हैं। लगातार बारिश से खेतों में जलजमाव की स्थिति बन गई है। इससे हरी सब्जी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से लतादार सब्जियां भिंडी, लौकी, करेला और खीरा बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। कई खेतों में पौधे सड़ गए हैं। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी जमा होने से जड़े सड़ रही हैं और फसलें पूरी तरह नष्ट हो रही हैं। इससे सब्जी उत्पादक किसान चिंतित हैं। बाजार में भी बाहर से सब्जियां नहीं पहुंच पा रही हैं। लोगों को इस बार हेल्दी सीजन में बाहर से आने वाली सब्जियों पर ही आश्रित होना पड़ेगा।

### शहर में जल आपूर्ति बाधित और आवागमन ठप

तेज और लगातार हो रही बारिश से नगर के कई निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। सबसे गंभीर समस्या नगर की जल आपूर्ति पर आई है। नदी-नालों के उफान पर होने और जल शोधन संयंत्रों के पास अधिक पानी जमा होने के कारण नगर के कई क्षेत्रों में पीने के पानी की सप्लाई प्रभावित हुई है। नागरिकों को टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है।

### कीट प्रकोप की आशंका से बढ़ी चिंता

खेतों में पानी के जमाव और मौसम में आए अचानक बदलाव ने कीटों और रोगों के प्रकोप की आशंका को बढ़ा दिया है। लगातार नमी और जलभराव की स्थिति तना छेदक, पत्ती लपेटक, भूरा माहू जैसे हानिकारक कीटों के पनपने के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करती है। इसके अलावा, अत्यधिक नमी से धान की फसल में झुलसा रोग और शीथ ब्लाइट जैसे फफूंद जनित रोगों का खतरा भी बढ़ जाता है।

### किसानों की कमर टूटी, धान की फसल तबाह

जिले की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है, जिसमें धान की खेती प्रमुख है। बेमौसम और अत्यधिक बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई है। इस समय अर्ली वैरायटी फसल खेतों में कटाई के लिए तैयार धान की फसल पानी में डूब गई है।

# जिला हैंडबॉल संघ के 7 बालक खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिला हैंडबॉल संघ के कोच एवं सचिव सैयद इमरान अली ने बताया कि महासमुंद में विगत दिनों आयोजित संभाग स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करने के आधार पर महासमुंद से 07 खिलाड़ियों का चयन किया गया।। चयनित खिलाड़ियों में मयंक कोसरे, दीपक बंजारे, प्रतुल चंद्राकर, शेलराज साहू, सिद्धार्थ पंकज, मयंक अवाड़े, प्रवीण पटेल सभी खिलाड़ी दिनांक 06 से 09 अक्टूबर महासमुंद में आयोजित राज्य स्तरीय स्कूल हैंडबॉल बालक 17 वर्ष प्रतियोगिता में रायपुर जोन के कोच सैयद इमरान अली नेतृत्व में महासमुंद जिला की ओर से रायपुर जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ियों ने महासमुंद जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर से सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। खिलाड़ियों के चयन पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर समेत इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी आयुक्त भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़, विजय लहरे जिला शिक्षा अधिकारी, नंदकुमार सिन्हा सहायक संचालक शिक्षा विभाग, रेखराज शर्मा संचालक समग्र शिक्षा विभाग, अंजलि बरमल सहायक जिला कीड़ा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, हीना ढालेंन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, डिगेश्वर ठाकुर, जिला हैंडबॉल संघ महासमुंद के पदाधिकारी एवं वरिष्ठ खिलाड़ी राजेश शर्मा, सैय्यद इरफान अली अंतरराष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी, प्रमेश खरे खेल अधिकारी रावतपुरा विवि, कपिल पेंदरिया, रूपेश महिलांग, आशीष कुशवाहा, सोनिया बंदे, टिकेश्वर साहू, मनीष चंद्राकर, वैभव मानिकपुरी, आदित्य चंद्राकर आदि ने हर्ष जताया है।

# विधायक आज करेंगे नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा आज विधानसभा के अलग अलग स्वास्थ्य केंद्र में स्वयं उपस्थित होकर नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण करेंगे। बता दें कि विधायक सिन्हा ने अपने जन्मदिन पर यह घोषणा किया था कि वें क्षेत्र में नवजात शिशुओं के लिए किट का वितरण करेंगे। इस कार्य की शुरुआत उन्होंने अपने जन्मदिन पर किया था। साथ ही इस सीजन जिन बहनों का विवाह होना है उनको शादी का जोड़ा भी दिया जाएगा। इसकी शुरुआत भी उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर किया था। आज विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सुबह 11 बजे खरोरा स्थित मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में पहुंचकर नवजात शिशुओं के लिए किट वितरण करेंगे। साथ ही इस वहां भर्ती मरीजों से मुलाकात कर कुशल क्षेम भी जानेंगे। पश्चात वे 12 बजे नयापारा स्थित स्वास्थ्य केंद्र जाएंगे। फिर साढ़े 12 बजे के करीब तुमगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाकर किट वितरण करेंगे। इसके बाद करीब डेढ़ बजे पटेवा स्वास्थ्य केंद्र में जाएंगे।


## कार्यालय संचालक, पैरामेडिकलकोर्स
**NSDC-SDMS केंद्र क्र. 86549**

### एकवर्षीय/द्विवर्षीय डिप्लोमा/पोस्ट डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

निम्नतालिका अनुसार के विभिन्न संभागों के विभिन्न जिलों में वे किसी भी विषय में प्राप्तांकों के अनुसार के द्वारा प्रमाणित विभिन्न पैरामेडिकल पाठ्यक्रम में हेतु आवेदन आमंत्रित है।

| जिलों का नाम | (DMLT) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निक | (OT) पोस्ट डिप्लोमा इन ओटी टेक्निक | (DIALYSIS) डिप्लोमा इन डायलिसिस | (NURSING SUPERVISOR) डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर | (NURSING ASSISTANT) नर्सिंग असिस्टेंट | (WARD BOY) वार्ड ब्वॉय | (DRESSER) ड्रेसर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धमतरी | 20 | 20 | 10 | 10 | 20 | 20 | 10 |
| रायपुर | 60 | 30 | 30 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| बिलासपुर | 30 | 20 | 20 | 60 | 60 | 30 | 25 |
| जांजगीर | 30 | 30 | 10 | 60 | 60 | 10 | 25 |
| सरायपाली | 30 | 20 | 10 | 60 | 60 | 20 | 25 |

**आवेदन हेतु 10 वीं,12वीं कक्षा फेल, किसी भी ग्रुप वाले, जो हेल्थकेयर क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। जो छात्र पढ़ाई छोड़ चुके हैं वे आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवार को वाट्सअप नं. पर काऊंसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (वाट्सअप नम्बर अनिवार्य है।) आवेदक को अपने अभिभावक के साथ आना अनिवार्य है।**

**नोट :-** (1) आवेदक निम्न दिए गए आवेदन पत्र को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर पूर्ण विवरण अपने हाथों से भरें और अपना स्वयं का पता स्पष्ट पूरा पिन कोड लिखकर रजिस्ट्री द्वारा निम्न पते पर भेजें। आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जायेगा। चयनित उम्मीदवारों को कॉल लेटर द्वारा काउसिलिंग हेतु सूचित किया जायेगा। (2) केवल आवेदक ही काउंसिलिंग में प्रवेश हेतु पात्र होंगे। (3) सभी जिलों के विद्यार्थी आवेदन कर सकते है। (4) विद्याकौशल के माध्यम से शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध है।

**आवेदक पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि - 30.10.2025**
**आवेदक पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 10.11.2025**

**प्रति,**
**कार्यसंचालक (NSDC)**
**मॉडर्न नालेज एजुकेशन**
**शीतला चौक, जलगृह मार्ग रोड़,**
**भाठागांव रायपुर (छ.ग.) पिन-492013**

**प्रति,**
**कार्य संचालक पैरामेडिकलकोर्स**

**महोदय,**

..........पाठ्यक्रम में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रही हूँ।

1. आवेदक का नाम ..........
2. पिता/पति का नाम ..........
3. जन्मतिथि अंकों में ..........
4. अनु. जाति /अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग ..........
5. पत्र व्यवहार का पता पिन कोड सहित ..........
   मोबाइल नंबर ..........
6. केंद्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ..........
7. शैक्षणिक योग्यता ..........

Skill India

**नोट : - (1)** आवेदक द्वारा एक ही फॉर्म में यदि वे एक से अधिक कोर्स का चयन करते हैं तो (ऑब्लिक (/) करके या (,) का प्रयोग कर सकता है। (2) पूर्व में आवेदन किये हुए अभ्यर्थी फिर से आवेदन ना करें। (3) जो काउंसिलिंग में उपस्थिति दे पायें वे ही आवेदन करें।


# विजयादशमीं उत्सव पर शहर में हुआ आरएसएस का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर के आचार्य चाणक्य बस्ती में विजयादशमी उत्सव पथ संचलन का कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बीटीआई रोड के जिला परिवहन कार्यालय के पीछे जल संसाधन विभाग प्रांगण में बस्ती के स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में दोपहर 2:30 को एकत्र हुए। जहां संघ संपत व ध्वज प्रणाम के पश्चात स्वयंसेवकों ने घोष वाद्य-यंत्र के साथ पथ संचलन निकाला, जो मुख्य मार्ग केंद्रीय विद्यालय के बाजू रमन टोला, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी होते हुए सायं 4 बजे हाउसिंग बोर्ड के सामुदायिक भवन पहुंचा, जहां सभा रखी गई। बौद्धिक कार्यक्रम में मंचस्थ, कार्यक्रम के अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा अध्यक्ष शिवानंद सेवा समिति, जिला संघचालक महेश चंद्राकर, नगर संघचालक भूपेंद्र राठौर, मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन (प्रांत कार्यवाह छत्तीसगढ़ प्रांत) उपस्थित थे। मंचस्थ अतिथियों का परिचय, एकल गीत व आभार प्रदर्शन किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता के छायाचित्र में माल्यार्पण कर शस्त्र पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया।

अध्यक्षता कर रहे पुरुषोत्तम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना को 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। संघ का जो आज विशाल रूप देखने को मिल रहा है वह संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार व वरिष्ठ पदाधिकारियों के त्याग व परिश्रम का फल है। मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन ने कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 को विजयदशमी को नागपुर में हुआ। उस समय डॉ. हेडगेवार सीमित स्वयंसेवकों के साथ शाखा चलाते थे। 2025 विजयदशमी को संघ के 100 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। जिसमें 2 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक प्रत्येक जिले के बस्तियों में विजयादशमी उत्सव मनाया जाने का लक्ष्य रखा गया है। इन 100 वर्षों के पश्चात संघ आज विश्व के सबसे बड़े संगठन के रूप में स्थापित हुआ है। संघ के काम का आधार दैनिक शाखा है, जिसमें 1 घंटे का शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रम होते हैं, यही संघ की जीवंतता का लक्षण है। संघ में समय के साथ गणवेश व कार्यक्रम बदले गए। वर्तमान में संघ पंच परिवर्तन में कार्य कर रहा है। देवांगन ने कहा कि संघ जो कहता है वह करता है, जो करता है वह कहता है। संघ का कार्य है कि वह ईश्वरीय प्रेरणा से राष्ट्र का कार्य करता है।

समाज की चुनौती को संघ दूर करने का प्रयास करता है। स्वयंसेवक सामाजिक समरसता का भाव लेकर कार्य कर रहे हैं। हर क्षेत्र में हमारा समाज आगे आज आगे बढ़ रहा है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। हमें समाज में नैतिक परिवर्तन लाना है। संघ प्रार्थना के साथ ही कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई।

## खबर संक्षेप

### पंजाबी युवक-युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 29वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 8 नवंबर को पंजाब केसरी भवन, जोरा में आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों से प्रतिभागी शामिल होंगे। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने संयुक्त रूप से बताया कि सम्मेलन में भाग लेने के इच्छुक युवक या युवती के साथ उसके दो अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आने वालों के लिए रुकने और खान पान की व्यवस्था आयोजन समिति की ओर से की गई है। सम्मेलन में भाग लेने वालों के लिए पंजीयन शुरू हो गया है । वॉट्सऐप एवं ऑन लाइन के द्वारा भी पंजीयन कराया जा सकता है। पंजाब केसरी भवन के मेरिज ब्यूरो का दूरभाष नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। सम्मेलन में नागपुर, जबलपुर, भोपाल,रांची से समाज के प्रतिनिधि अपनें शहरों में दर्ज बॉयोडाटा लेकर आएंगे, जिसे सम्मेलन में आये प्रतिभागी निशुल्क अवलोकन कर सकेंगे। समाज द्वारा युगल जोड़ी नाम से एक मोबाईल ऐप बनाया गया है, परिचय सम्मेलन में रजिस्टर्ड युवक युवती का बॉयोडाटा निःशुल्क इस ऐप में डाला जाएगा।

### प्लेटफॉर्म पर चलेगी बैटरी कार, कुलियों का आरोप - रेलवे छीन रहा रोजगार



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर बैटरी ऑपरेटेड कार, बैटरी चलित वाहन के विरोध में लाइसेंसी कुलियों ने मोर्चा खोल दिया है। कुली अपने परिवार के सदस्यों के साथ बीते दिनों स्टेशन में प्रदर्शन के बाद शनिवार को प्रेस क्लब पहुंचे। इस दौरान कुलियों ने इस सुविधा को बंद करने की मांग उठाई। उनका कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार से उनके रोजगार पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और इसे बंद किया जाना चाहिए। अगर प्लेटफार्म पर बैटरी कार चलेगी और कोच तक गाड़ी ही सामान पहुंचा देगी, तो यात्री कुली से मदद क्यों लेंगे। रेलवे प्रशासन ने रायपुर के लिए 4, दुर्ग के लिए 3 व भिलाई पावर हॉउस और भाटापारा में एक बैटरी के लिए टेंडर दिया है। कुलियों का कहना है कि इस फैसला से रेलवे को आर्थिक लाभ होगा, लेकिन कुली को नुकसान है। इधर पूरे मामले पर रेलवे अधिकारियों का कहना है कि बैटरी ऑपरेटेड कार यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित की जा रही है। इसे बंद नहीं किया जा सकता, क्योंकि रेलवे लगातार यात्रियों की सुविधाओं में सुधार कर रहा है, ताकि उनकी यात्रा सहज और आरामदायक हो।

### राज्य में जल जीवन मिशन में निर्देशों की अवहेलना की जांच करेगा वित्त विभाग

**रायपुर।** राज्य में जल जीवन मिशन में ठेकेदारों के भुगतान के लिए राज्यांश की राशि जारी करते हुए वित्त विभाग ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे कि सिंगल विलेज योजनाओं के मामले में भुगतान किया जाए। इधर जिलों को आबंटन के बाद मल्टी विलेज वाले समूह जलप्रदाय योजना के तहत बाहर की चुनिंदा एजेंसियों को ही भुगतान किया गया। निर्देशों का पालन न होने पर वित्त विभाग ने पूरी जानकारी लेकर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है। बताया गया है कि भुगतान को लेकर निर्माण एजेंसियों को पीछे हटना पड़ रहा है। संबंधित कई दस्तावेज उपलब्ध कराने में दिक्कतें हैं। निर्माण एजेंसियों का दावा है कि काम पूरा होने के बावजूद राशि नहीं मिलने से अन्य कार्यों को आगे बढ़ाने में दिक्कत होगी। हर घर नल से जल के प्रमाणन के बावजूद कई तकनीकी और दस्तावेजी आपत्ति लगाकर भुगतान रोके जा रहे हैं। सिंगल विलेज स्कीम में 50 लाख रुपए से 1 करोड़ तक के काम करने वाली सैकड़ों एजेंसी शामिल है।

# दशहरा पर्व पर निकली राजमहल की विजय यात्रा, जगह-जगह हुआ अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

विजयदशमी पर्व को परंपरा अनुसार उत्साह के साथ मनाया गया। जगह-जगह आतिशबाजी के साथ अहंकारी रावण का पुतला दहन किया गया। रावण के साथ-साथ बुराई के प्रतीक कुंभकरण और मेघनाथ का भी पुतला जलाया गया। फुलझर स्टेट के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में अधर्म पर धर्म की जीत, अन्याय पर न्याय के विजय के प्रतीक विजयदशमी दशहरा पर्व का आयोजन किया गया। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों-काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी के परित्याग की सद्प्रेरणा प्रदान करता है। भारतीय संस्कृति सदा से ही वीरता और शौर्य की समर्थक रही है। प्रत्येक व्यक्ति और समाज में वीरता का प्रादुर्भाव हो इसी उद्देश्य से यह पर्व मनाया जाता है। भगवान राम के समय से यह दिन विजय प्रस्थान का प्रतीक निश्चित है। भगवान राम ने रावण से युद्ध के लिए इसी दिन प्रस्थान किया था। मराठा रत्न शिवाजी ने भी औरंगजेब के विरुद्ध इसी दिन प्रस्थान कर हिंदू धर्म का रक्षण किया था। प्राचीन काल में राजा, महाराजा इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। यह पर्व शस्त्र पूजन का पर्व है। हर्ष उल्लास तथा विजय के इस पर्व में राजमहल सरायपाली में भी विधि पूर्वक शस्त्र पूजन किया गया। ढोल नगाड़े एवं कर्मा दल के मधुर गायन एवं नृत्य के



साथ राजमहल से राजा देवेंद्र बहादुर सिंह के मार्गदर्शन मे विजय यात्रा जय स्तंभ चौक से होते हुए पुरानी मंडी पहुंची तथा रावण का विशाल पुतला दहन कर बुराई एवं असत्य के मार्ग को छोड़कर सत्य के मार्ग पर चलने की सीख दी गयी। पश्चात राज परिवार द्वारा मंदिर दर्शन एवं नागरिकों से भेंट वार्ता की गई। विजय यात्रा के पश्चात राजमहल में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम राजपुरोहित पंडित प्रदीप दास द्वारा फुलझर स्टेट के राजा देवेंद्र बहादुर सिंह, कुमार निलेन्द्र बहादुर सिंह, कुमार योगेंद्र बहादुर सिंह, कुमार आदित्येंद्र बहादुर सिंह, कुमार वरुणेंद्र बहादुर सिंह, कुमार यशवेंद्र बहादुर सिंह का विधि पूर्वक राजतिलक किया गया। समाज के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ नागरिकों द्वारा राज परिवार का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस पर्व में क्षेत्रीय विधायक चतुरी डिग्रीलाल नंद, समाज के पदाधिकारियों में बरतराम नागेश, यज्ञ राम सिदार, करमसिह पारेश्वर, विजय कुमार कौशिक, पांडव नाग, शिवशोभन सिंह, कुंजल सिंह, चंदरसाय सिदार, परमानंद नागेश, बुढ़ान सिंह सिदार, छबिलाल बाघ, अरुण कुमार जगत जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में विजय कुमार साहू, हेमसागर पटेल, टिकेश्वर पटेल, अमृतलाल पटेल, खेमराज पटेल, अब्दुल नईम लखानी, प्रदीप गुप्ता, रवि शंकर नायक, खालिद दानी, कमल अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, मनोहर लाल यादव, परदेसी यादव, घुराऊ नायक, संतलाल पटेल, मयंक यादव, गुरूबक्स आहूजा, प्रदीप बारिक, राजेंद्र यादव समाज के प्रबुद्धजन, मातृशक्ति, युवा प्रभाग की उपस्थिति रही। उद्बोधन एवं आशीर्वचन में राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने सभी के जीवन में शांति, खुशी, समृद्धि, सफलता, अच्छाई और आनंद की कामना की गई। विषम परिस्थिति में भी आमजन एवं दर्शकों ने इस पर्व को सफल बनाने में जो संयम दिखाया उसके लिए राजा साहब ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की। इस दिन राजमहल में जगह-जगह विभिन्न प्रकार के स्टाल लगे हुए थे। कर्मा दल, नाटक एवं मोर सोना माटी संतोष चौहान स्टार नाइट क्लब ने सबका मनमोहित कर लिया। मंच संचालन पीतांबर बाघ (अअजा कर्मचारी संघ, सरायपाली के सचिव) ने किया।

# सरपंच की अनूठी पहल, बेमचा में तीसरी आंख से होगी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय से लगे आदर्श ग्राम पंचायत बेमचा के सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर व पंचायत के पदाधिकारियों ने गांव की सुरक्षा व निगरानी को लेकर बेहतर पहल की है। गांव की निगरानी अब तीसरी आंख से की जाएगी। ग्राम पंचायत की पहल पर चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी की जाएगी। इसकी मॉनिटरिंग ग्राम पंचायत सरपंच व पूरे पंचायत प्रतिनिधि करेंगे।

ग्राम पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाने पर विचार विमर्श किया गया है। उसके बाद सीसी टीवी



कैमरा लगाया जा रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच देवेन्द्र चंद्राकर ने बताया कि गांव में सीसीटीवी कैमरे लगाने का मुख्य उद्देश्य गांव की सुरक्षा है। सीसी टीवी कैमरा लगने से यहां हो रहे चोरी, लूट, हत्या जैसे



अपराध पर निगरानी रखी जाएगी। जिससे गांव में अपराध भी कम होंगे। उन्होंने कहा कि पहले गांव के चौक-चौराहे में हुल्लड़बाजी, गाली-गलौज की घटना आम बात है। अब घटनाओं में रोक लगेगा। वर्तमान में सिर्फ मुख्य चौक में सीसीटीवी लगाए गए हैं। आने वाले दिनों में गांव के अन्य मोहल्लों की भी निगरानी सीसीटीवी कैमरे से करने की योजना पर विचार करेंगे। इसमें प्रमुख रूप से उपसरपंच सुनीता कहार, पंच रिकेश यादव, थनवार यादव, शेखर कोसरे, चोवा बंजारे, चन्द्रकांत चंद्राकर, गुमान यादव, रजनीकांत ध्रुव, सुभाष निर्मलकर, रोशन निषाद, रंजिता धृतलहरे, निर्मला निर्मलकर, दुखीं निर्मलकर, त्रिवेणी चंद्राकर, पार्वती गाड़ा, श्यामा साहू, संतोषी यादव, लक्ष्मी ध्रुव, पिंकी चन्द्राकर, अमरीका साहू सहित नागरिकों का विशेष योगदान है।

# मिशन क्लीन सिरको: युवाओं ने सरपंच के मार्गदर्शन में दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

ग्राम सिरको में इन दिनों स्वच्छता को लेकर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। "मिशन क्लीन सिरको" के तहत ग्रामीण विकास को ध्यान में रखते हुए रविवार को युवाओं ने सरपंच के मार्गदर्शन में स्वच्छता अभियान चलाया।

ग्राम कोतवाल द्वारा पूरे गांव में मुनादी कराई गई कि सभी लोग अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाए रखें। इसी क्रम में सिरको के युवाओं ने नेशनल हाईवे से सिरको तक लगभग तीन किलोमीटर के दायरे में सफाई अभियान चलाया। युवाओं और बच्चों ने मिलकर सड़क किनारे जमा झाड़-झंखाड़, घास-फूस और कचरे को हटाया तथा गांव को स्वच्छ रखने का



संकल्प लिया।

इस अभियान ने ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश फैलाया। गांव में चल रहा "मिशन क्लीन सिरको" अब जनभागीदारी का रूप लेता जा रहा है, जिससे सिरको को एक स्वच्छ और सुंदर ग्राम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है।

## पत्रकार कल्याण महासंघ की हुई बैठक जिला संगठन सचिव बने देशराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ की ब्लॉक ईकाई की बैठक प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान की अध्यक्षता में कृषि उपज मंडी समिति सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पत्रकारों के हित संवर्धन एवं सुरक्षा, एकता को मजबूत करने पर गहन चर्चा हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से देशराज दास को जिला संगठन सचिव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नियुक्त किया गया। पदभार ग्रहण करने पर उपस्थित पत्रकारों एवं पदाधिकारियों ने उनसे संगठन को और सशक्त बनाने की अपेक्षा जताई। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, प्रदेश सचिव ऋषिकेशन दास, जिला महासचिव अभय धृतलहरे, जिला उपाध्यक्ष इब्राहिम कादरी, बसना ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, बसंत साव, दीपक जगत, हेमंत तांडी, गोवर्धन नंदे, जीत यादव, फिरोज खान एवं हेमसागर साव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गांधी पदयात्रा एवं व्यक्तित्व विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

युवा समाजसेवी, विद्वान एवं कुशल वक्ता पंडित विद्याभूषण सतपथी सुपुत्र पंडित जयदेव सतपथी (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी) द्वारा 25 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए गांधी पदयात्रा का आयोजन किया गया। गांधी पदयात्रियों का महाविद्यालय में आगमन हुआ, महाविद्यालय परिवार द्वारा स्वागत अभिनंदन के पश्चात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.संध्या भोई के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी युके बरिहा एवं प्राची गुप्ता के मार्गदर्शन में व्यक्तित्व विकास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में स्त्रोत वक्ता के रूप में पंडित विद्या भूषण सतपथी मंचासीन रहे। कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदा, राष्ट्रपिता महात्मा




गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं छत्तीसगढ़िया बापू पंडित जयदेव सतपति के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि सत्य ही ईश्वर है, ये शब्द उस महापुरुष के हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अतः गांधी के आदर्शों को आत्मसात करते हुए व्यक्तित्व निर्माण पर ध्यान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि स्वर्ण सिंह सलूजा ने अपने उद्बोधन में गांधी के तीन स्तंभ -सत्य अहिंसा और सत्याग्रह के बारे में बताया। स्त्रोत वक्ता पंडित विद्याभूषण सतपथी द्वारा व्यक्तित्व विकास में व्यक्ति के मूल तत्व, आग्रह, पूर्वाग्रह, दुराग्रह एवं सत्याग्रह के बारे में व्याख्यात्मक जानकारी दी गई। जीवन में हर परिस्थिति में घुल मिल जाना एवं समायोजन को सर्वाधिक महत्वपूर्ण तत्व बताया गया। व्यक्तित्व विकास एक ऐसी प्रक्रिया है। जिसमें व्यक्ति अपनी क्षमताओं गुणों और व्यवहार को बेहतर बनाने का प्रयास करता है। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति अपने अंदर सकारात्मक बदलाव लाता है और अपने व्यक्तित्व को निखारता है। स्त्रोत वक्त के सटीक, प्रेरणाप्रद व्याख्यान से सभी विद्यार्थी एवं स्वयंसेवक उत्साहित एवं प्रेरित हुए। कार्यशाला में चंद्रकुमार पटेल (अध्यक्ष-महाविद्यालय जन भागीदारी समिति), स्वर्ण सिंहसलूजा (सदस्य -जन भागीदारी समिति), शौकीलाल मनहर, रासबिहारी विशाल, प्रखर अग्रवाल, आदर्श गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, डॉ वर्षा सतपति, चेतन नायक, महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन पीतांबर बाघ एवं आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी यूके.बरिहा ने किया।

# शांतिनगर सिंचाई कालोनी की जमीन पर 17 मंजिला हाईटेक कांप्लेक्स, दुकानें और फ्लैट्स भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


छत्तीसगढ़ गृह मंडल राजधानी के सिविल लाइन वार्ड स्थित 100 साल पुरानी सिंचाई कालोनी के जर्जर मकानों को तोड़कर 17 मंजिला हाईटेक कांप्लेक्स बनवाएगा, जिसमें दुकानें और विभिन्न आकार के फ्लैट्स होंगे। 3 चरण में यह काम पूरा होगा, जिसमें 1200 करोड़ रुपये खर्च होंगे। हाउसिंग बोर्ड ने इसका डीपीआर तैयार कर राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा है। प्रोजेक्ट के तहत शासकीय पीजी उमाठे गर्ल्स स्कूल और क्रेडा के दफ्तर को तोड़ा नहीं जाएगा, उसे यथावत रखा जाएगा।

दरअसल, 6 साल बाद सिंचाई कालोनी शांतिनगर का रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट को लेकर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने नया डीपीआर तैयार किया है। डीपीआर में यह बताया गया है अब यहां 17 मंजिला नया कांप्लेक्स बनेगा, जिसमें दुकानों के साथ अफोर्डेबल फ्लैट्स भी होंगे। इसे लोग अपनी बजट के हिसाब से खरीद सकेंगे। इस योजना को पहले ही छत्तीसगढ़ कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के कमिश्नर अवनीश कुमार शरण के मुताबिक तीन चरण में यह योजना पूरी होगी। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को को इस प्रोजेक्ट के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है।

## छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का रीडेवलपमेंट प्रोजेक्ट, 1200 करोड़ खर्च होंगे

**फैक्ट**

- 100 साल पुरानी शांतिनगर की जर्जर सिंचाई कालोनी
- कांग्रेस शासनकाल में यहां के करीब 300 मकान तोड़े गए
- तोड़फोड़ के बाद तय किया गया कि हाउसिंग बोर्ड यहां नया प्रोजेक्ट लाएगा
  इस बीच दो बार योजना बदली गई



### फ्लैट और दुकानों को बेचने का काम करेगा शासन

प्रथम चरण में 3.42 एकड़ में 17 मंजिला हाईटेक कांप्लेक्स बनाया जाएगा। इसमें ग्राउंड से तीसरे फ्लोर तक दुकानें होंगी। इसके बाद चौथे से सत्रहवें फ्लोर तक सर्व सुविधा युक्त फ्लैट बनाए जाएंगे। 2 बीएचके और 4 बीएचके के फ्लैट बनाने की योजना है। फ्लैट और दुकानों को बेचने का काम शासन करेगा। दूसरे चरण में अभी कालोनी के जिन मकानों की शिफ्टिंग बाकी है, उसे तोड़ने से पहले वहां रहने वालों को बोरियाखुर्द के पक्के आवास में शिफ्ट किया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक दुर्गानगर के रहवासियों की शिफ्टिंग का काम अभी बाकी है, साथ ही शांतिनगर के सिंचाई कालोनी के 20 फीसदी घर अभी खाली नहीं हुए हैं।

# कारोबारी के जानकार थे लुटेरे ! नाम लेकर दरवाजा खुलवाया, फिर मचाई लूटपाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सराफा में डेढ़ करोड़ की चांदी की सनसनीखेज लूट ने सराफा काराबोरियों को बेचैन कर दिया है। दो थानों के करीब हुई इस घटना ने त्योहारी सुरक्षा इंतजामों की पोल खोल दी है। लुटेरे अपने साथ डीवीडी भी ले गए हैं। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस तथा फोरेंसिंक एक्सपर्ट की टीम को बदमाशों के बारे में किसी तरह से कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फूटेज की पड़ताल कर रही है।

बदमाश पीछे की दीवाल फांदकर कारोबारी के मकान के अंदर दाखिल हुए। घटना स्थल के पास पुलिस को एक रस्सी मिली है। रस्सी की लंबाई पांच फीट के करीब बताई जा रही है। कारोबारी के फ्लैट में सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर ले जाने की वजह से पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है। दीपावली पर्व को देखते हुए एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने सभी थानों की पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं।



### फ्लैट में सामान बिखरा पड़ा मिला

कारोबारी ने चांदी के जेवर अलग-अलग प्लास्टिक के डिब्बों में भरकर रखा हुआ था। फ्लैट की जांच करने पहुंची पुलिस को फ्लैट के अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा मिली। बदमाश प्लास्टिक के डिब्बों में रखे जेवर को निकालकर खाली डिब्बे फ्लैट के अंदर ही छोड़ गए। मौके पर पहुंची डॉग स्क्वाड की टीम कुछ दूर जाने के बाद लौट गई। पुलिस के अनुसार कारोबारी आगरा के जिस फैक्ट्री से चांदी के जेवर लाकर बेचता था, उसे भी पूछताछ करने तलब किया गया है। कारोबारी राहुल, फैक्ट्री मालिक के साथ कमीशन पर काम करता था।

### इन बिंदुओं पर जांच कर रही है पुलिस


कारोबारी से लूट की घटना को सुलझाने पुलिस की टीम तीन से चार बिंदुओं को फोकस करते हुए जांच कर रही है। जांच के जो बिंदु तय किए हैं, उसमें कारोबीरी के पिछले 48 घंटों के मूवमेंट की जानकारी, सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल, बदमाशों द्वारा घटना के पूर्व तथा घटना के बाद भागने के संदिग्ध मार्गों की पहचान कर उन इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल। इसके अलावा कारोबारी के लेन-देन को लेकर पुलिस पड़ताल कर रही है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में



# जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

*असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें*

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)**

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567**

## खबर संक्षेप

### शरद पूर्णिमा पर काव्य गोष्ठी आज

**महासमुंद।** नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में शरद पूर्णिमा पर काव्यगोष्ठी का आयोजन 6 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे त्रिमूर्ति कालोनी स्थित जीवन सदन में होगा। कार्यक्रम की सभाध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक करेंगे। काव्य गोष्ठी में एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, उत्तरा विदानी, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, सरिता तिवारी व एसआर बंजारे, टेकराम सेन सहित अन्य आमंत्रित रचनाकार काव्यपाठ करेंगे। इस अवसर पर समिति ने सभी काव्य प्रेमियों से उपस्थिति प्रदान करने का आग्रह किया है। यह जानकारी समिति के सचिव व मीडिया प्रभारी टेकराम सेन ने दी है।

### झिटकी में शरद पूर्णिमा आज

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के ग्राम पंचायत झिटकी में प्रतिवर्ष के भांति इस बार भी शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। है। इस अवसर पर दर्शकों के मनोरजंन के लिए रात्रि में बर चौक में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी तुमगांव एवं नीम चौक में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी बिरकोनी का कार्यक्रम रखा गया है।

### परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन की तिथियां निर्धारित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्वाध्यायी परीक्षा 2026 के परीक्षा आवेदन फार्म आन लाइन भरने के लिए तिथियां निर्धारित की गई है। इसमें सामान्य शुल्क के साथ 01 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक, बिलंब शुल्क के साथ 01 नवंबर से 16 नवंबर तक, विशेष विलंब शुल्क के साथ 17 नवंबर से 30 नवंबर तक तक इच्छुक छात्र-छात्राएं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में सम्पर्क स्थापित कर परीक्षा आवेदन फार्म भर सकते हैं।

### शराब पीने के विवाद पर हत्या

**रायपुर।** शरीब पीने के विवाद पर हत्या करने के आरोप में मंदिर हसौद पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को अधेड़ की लाश शनिवार सुबह एक शौचालय के पास मिली। घटना ग्राम कुकरा की है।

**आयोजन : पिथौरा खंड के सांकरा मंडल के विभिन्न ग्रामों से आए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने लिया भाग**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शस्त्र पूजन और पथ संचलन हुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंडल सांकरा, खण्ड पिथौरा में शस्त्र पूजन एवं भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर सांकरा मंडल के विभिन्न ग्रामों से आए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। यह क्षण केवल संघ के लिए ही नहीं, अपितु पूरे नगर एवं समाज के लिए भी गर्व का विषय बना। स्वयंसेवकों के घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाते हुए नगर का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो उठा।

पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। मार्ग में जगह-जगह महिलाओं, पुरुषों एवं बच्चों द्वारा पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वयंसेवकों की अनुशासित चाल, एक समान गणवेश ने नगरवासियों को प्रभावित किया। संचलन के उपरांत आयोजित सभा में मुख्य अतिथि के रूप में राजेश साव (पत्रकार एवं साहू समाज परिक्षेत्र सचिव), मुख्य वक्ता के रूप में गुलाब ठाकुर (जिला महाविद्यालयीन कार्य प्रमुख) तथा बोधीराम चौधरी (खण्ड संघ चालक) मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि राजेश साव ने कहा कि "संघ का शताब्दी वर्ष राष्ट्र निर्माण में संघ के सतत कार्य, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है।" उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से समाज में एकता, संस्कार एवं राष्ट्रभक्ति की भावना निरंतर सशक्त हो रही है। मुख्य वक्ता गुलाब ठाकुर ने अपने उद्बोधन में 'संघ पंच परिवर्तन' तथा संघ के समृद्ध इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ शताब्दी वर्ष में सात विशेष कार्यों को लेकर समाज में व्यापक जनजागरण का अभियान चला रहा है। उन्होंने बताया कि संघ भारत में सांस्कृतिक जागरण और सामाजिक सद्भाव के लिए निरंतर कार्यरत है। संघ के विभिन्न प्रेरणादायी संगठन विद्या भारती, सेवा भारती, ग्राम भारती, क्रीड़ा भारती, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विश्व हिंदू परिषद, दुर्गा वाहिनी एवं राष्ट्रीय सेविका समिति जैसे संगठनों के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आज तक के 100 वर्षों में संघ ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के लिए प्रेरित करने और समाज को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शताब्दी वर्ष का यह उत्सव संघ की इसी गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में राजिम विभाग से नंद कुमार साहू, जिला के विवेक दीक्षित एवं पिथौरा खण्ड की कार्यकारिणी उपस्थित रही, जिनमें टिकेंद्र साहू, कृष्ण कुमार शर्मा, चंद्रशेखर नायडू, प्रकाश चंद्र वर्मा शामिल थे एवं सहभागी मंडल मेमरा, सलडीह, परसवानी, भगतदेवरी के स्वयंसेवक एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। यह जानकारी पिथौरा खण्ड कार्यवाह प्रेमसागर साहू, हितेश प्रधान एवं सांकरा मंडल कार्यवाह कमलेश डडसेना ने दी है।

# राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन में जिले के 8 खिलाड़ी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

**राष्ट्रीय मॉडर्न पेंटाथलॉन इंदौर में भोरिंग, तुमगांव के 08 खिलाड़ी शामिल होने रवाना हुए**



मॉडर्न पेंटाथलॉन ऑफ इंडिया एवं मध्य प्रदेश मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन द्वारा नेशनल मॉडर्न पेंटाथलॉन चैंपियनशिप 2025 का आयोजन इंदौर मध्य प्रदेश में 5 से 7 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य से 20 खिलाड़ी एवं महासमुंद जिले के भोरिंग, तुमगांव से 08 खिलाड़ी भागीदारी करने शुक्रवार को इंदौर के लिए रवाना हुए, जिसमें अभिषेक निर्मलकर पिता विजय कुमार निर्मलकर, अभिषेक नेहरू पिता सुनील नेहरू, जगदीश धीवर पिता पुरन लाल धीवर, ममता धीवर पिता पुरन लाल धीवर, गीतांजलि साहू पिता अश्वनी साहू, मनीष ढीढ़ी पिता उदे श्याम ढीढ़ी, निवेश मन्नाडे पिता हीरा लाल मन्नाडे, आर्यन प्रधान पिता वीरेंद्र प्रधान एवं प्रशिक्षक सुनील पॉल व दिलीप विश्वकर्मा शामिल होंगे।

# लाफिनखुर्द में राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा का नपाध्यक्ष निखिलकांत ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



ग्राम लाफिनखुर्द में स्टार क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने फीता काटकर किया। वे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंचे पालिका अध्यक्ष साहू ने खिलाड़ियों से परिचय लिया और खेल भावना से खेलने प्रेरित किया। ग्रामवासियों के आमंत्रण पर पहुंचे नपाध्यक्ष साहू का युवा समिति ने जोशीले अंदाज में स्वागत अभिनन्दन किया।

इस दौरान ग्रामीणों व खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि साहू ने कहा कि यहां के युवाओं की भूमिका समाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक गतिविधियों में सदैव अग्रणी रही है। यही कारण है कि लाफिनखुर्द ग्राम पंचायत क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाती है। उन्होंने युवाओं को नशाखोरी एवं अपराध से दूर रहकर ग्राम विकास तथा सामाजिक कार्यों में सहभागी बनने की बात कही। साथ ही शिक्षा और खेल के माध्यम से बेहतर कल का निर्माण करने प्रेरित किया। अध्यक्ष ने आयोजन समिति को खेल को बढ़ावा देने के लिए एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ मैदान से कैरियर बनाने की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के विशेष अतिथि संतोष छोटू जनपद सदस्य, सचिन गायकवाड़ पूर्व जनपद सदस्य, सरपंच जानकी सुंदर साहू, उपसरपंच शिवकुमार निषाद, रत्नेश साहू थे। कबड्डी स्पर्धा आयोजन समिति के अध्यक्ष खिलेश साहू, उपाध्यक्ष युवराज राजपूत, सचिव टुकेश्वर ध्रुव, कोषाध्यक्ष मोरध्वज यादव, संरक्षक ज्ञानेंद्र साहू व समस्त सदस्य गण, ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पढ़ाई और प्रतिभा में अव्वल, दीपक बने युवाओं की प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना




शिक्षा और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए ग्राम मचानपार जिला राजनांदगांव निवासी दीपक कर्साल यदु ने जिले और विद्यालय का नाम रोशन किया है। दीपक कर्साल यदु पिता खोलबहरा राम यदु माता प्रेमलता यदु के सुपुत्र हैं। मूलतः वे ग्राम बरतुंगा जिला महासमुंद के निवासी हैं। कक्षा 9वीं में ही उन्हें यूनाइटेड स्कूल ऑर्गेनाइजेशन (यूएसओ) द्वारा चेन्नई में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला, जहाँ उन्होंने भाषण में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्होंने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में नवम स्थान हासिल किया। कक्षा 11वीं में भी उन्होंने गणित विषय में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वर्तमान में दीपक कक्षा 12वीं में अध्ययनरत हैं। हाल ही में आयोजित यूएसओ प्रतियोगिता में भी दीपक ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने भाषण स्पर्धा में प्रथम एवं अपनी टीम के साथ ग्रुप डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान तथा एक्ट प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपक की इस उपलब्धि पर परिवारजनों, शिक्षकों और ग्रामीणजनों ने हर्ष जताया है।

## मोंगरापाली और सराईपाली में दुर्गा प्रतिमाओं का





**तेंदूकोना।** ग्राम मोंगरापाली एवं आश्रित ग्राम सराईपाली में शारदीय नवरात्रि पर्व पर पूरे 9 दिन गांव भक्तिमय वातावरण व देवी भक्ति आराधना से डूबा रहा। अंतिम दिन माँ दुर्गा की प्रतिमा को भव्य शोभायात्रा के साथ गांव के गली मोहल्ले से होते हुए माँ दुर्गा के जसगीत, डीजे, गाजे-बाजे के साथ नाचते गाते व झूमते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचया और विधि विधान से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।

# कौशिक की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद


- समाजवादी नेताओं ने कौशिक के कार्यों का किया स्मरण

छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति द्वारा पूर्व केन्द्रीय मंत्री, प्रखर समाजवादी नेता व चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति के संस्थापक स्व. पुरुषोत्तम कौशिक की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि व माल्यार्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनको नमन किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर, सचिव कमलेश चन्द्राकर, समिति के पूर्व अध्यक्ष व छग राज्य बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर, उपाध्यक्ष चन्द्रपाल चन्द्राकर, दिलीप कौशिक, प्रमोद तिवारी, दाउलाल चन्द्राकर, मोहन सोनी, रामानंद चन्द्राकर, हीरालाल यादव, कृपाराम यादव, योगेश चन्द्राकर, श्रीधर चन्द्राकर, गिरिजाशंकर चन्द्राकर, चमन लाल चन्द्राकर, भूपेन्द्र चन्द्राकर, समिति के समस्त कार्यकारिणी संचालक सदस्य, महाविद्यालय की प्राचार्य डा सविता चन्द्राकर, मेनका चन्द्राकर, आकांक्षा सिंह, शत्रुघन पटेल, रेशमलाल साहू, गुलाब चन्द्राकर, विष्णु चन्द्राकर, नरेन्द्र ताण्डी, नन्हा अविराज साहू, घनश्याम साहू, मानिक लाल तारक, चंद्रिका देवांगन, मानिक पटेल एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहे। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए समाजवादी प्रमोद तिवारी ने कौशिक के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री के साथ-साथ केन्द्रीय समिति, यूनियन, केन्द्रीय मंत्रालय समितियों में अध्यक्ष, सलाहकार एवं सदस्य के रुप में भी देशहित को ध्यान में रखकर सदैव जनहित में कार्य किए। कौशिक जमीदार धनाड्य परिवार के होने के पश्चात भी संघर्ष का जीवन व्यतीत करना स्वीकार करते हुए अपनी पूरी जीवन समाज व देश को समर्पित किया। उपस्थित शिक्षण समिति के पूर्व अध्यक्ष व छग राज्य बीज निगम अध्यक्ष चन्द्रहास चन्द्राकर ने कहा कि कौशिक के जीवन से हमें सीख लेने की आवश्यकता है। हमें उनका अनुकरण करना चाहिए, शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। आज उन्हीं के द्वारा गठित शिक्षण समिति के माध्यम से संचालित विद्यालय व महाविद्यालय में क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिया जा रहा है।



शिक्षण समिति के अध्यक्ष राहुल चन्द्राकर ने कहा कि कौशिक ने हमेशा शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहे है। उनका यह मानना था कि लोगों अपने जीवन को सही दिशा देने के लिए शिक्षा अनिवार्य है और इसी उद्देश्य से उनके मन में चन्द्रनाहूं शिक्षण समिति की स्थापना का सुंदर विचार आया और उन्होंने इस शिक्षण समिति की स्थापना किया। उपस्थित दाऊलाल चन्द्राकर ने कहा कि कौशिक का जीवन अत्यंत संघर्षशील व प्रेरणादायी रहा है। आज हमारे युवा पीढ़ी को उनसे सिखने की आवश्यकता है। उन्होंने हमेशा स्वयं से ज्यादा अपने समाज के लोगो के बारे में सोचा और हमेशा उनके हितों के लिए लड़ते रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411